कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)।

निविदा सूचना पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी 2025

पुनः ई–निविदा सूचना

निविदा संख्याः 004/उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/ 1549 /2024–25 दिनांक 15 अक्टूबर, 2024

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) द्वारा वर्ष 2025 की परिषदीय परीक्षाओं, परीक्षाफल सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (द्वितीय), परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (प्रथम) एवं सुधार परीक्षा वर्ष 2024 (तृतीय) के संचालन हेतु पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी आपूर्ति के लिये निम्नलिखित प्रयोजन हेतु ई–निविदा उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट www.uktenders.gov.in के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:–

क्रमांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अर्नेस्टमनी
1	विभिन्न प्रकार की पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी–टी0आर0, अंकविवरणिका एवं प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र, प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र (द्वितीय प्रति) इत्यादि की आपूर्ति।	रु0 236=00 (कुल रु0 दो सौ छत्तीस) G.S.T. सहित	रुपया 50,000=00

(A) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय — 04-11-2024 अपराह्न 05.00 बजे तक।

(B) तकनीकी एवं वित्तीय भाग की हार्ड कापी तथा नमूना प्रति जमा करने की तिथि — 05-11-2024 पूर्वाह्न 10.30 बजे तक।

(C) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय — 05-11-2024 पूर्वाह्न 10.45 बजे।

(D) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि — 05-11-2024 तकनीकी निविदा कार्य पूर्ण होने पर।

निविदा की प्रमुख शर्ते :–

क– पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी आपूर्ति का कार्य उत्तराखण्ड से बाहर के राज्यों की सेक्यूरिटी प्रेस को ही आवंटित किया जायेगा। निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संस्था (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा तभी फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है।

ख – फर्म द्वारा वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा की हूबहू प्रतिलिपि पारम्परिक रूप में पृथक से हार्ड कापी भी सीलबन्द लिफाफे में निर्धारित तिथि व समय पर परिषद् कार्यालय में जमा करनी होंगी। जो फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदाएं अपलोड नहीं करेंगी उनकी हार्ड कापी पर प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

ग– निविदादाता फर्म को **डी0जी0एस0 एण्ड डी0एन0एस0आई0सी0 अथवा डी0आई0 (एस0पी0एस0)** तथा **आर0 बी0 आई0/आई0बी0ए0** में रजिस्टर्ड सेक्योरिटी फर्म में पंजीकृत होना आवश्यक होगा।

घ – निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/F.D.R./बैंकर्स चैक के रूप में सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल के पदनाम से बंधक बनाकर प्रस्तुत करनी होगी।

ड. – **निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 में देय हो जमा करना अनिवार्य है।**

च – निर्धारित निविदा शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **तकनीकी निविदा के साथ अलग लिफाफे में** जमा करना होगा, तभी निविदा स्वीकार की जायेगी।

छ– नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

ज– जिन फर्मो के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मो की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

झ– परिषद् के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

ट– ई–निविदा के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को On Line Upload करने के लिए निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश, शर्ते एवं आवेदन पत्र वेबसाइट www.uktenders.gov.in से Download कर सकते हैं।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।